MPSV ईवीएम · ज़िला परिषद और पंचायत समिति सदस्य चुनाव · मतदान दल, ज़ोनल मजिस्ट्रेट और RO के लिए

CU या BU पर एरर आए तो क्या करें

डिस्प्ले का कौन-सा संदेश क्या बताता है, और रवानगी, मॉकपोल, मतदान और मतगणना में हर बार क्या करना है: CU बदलनी है, वही BU बदलनी है, पूरा सेट बदलना है, या मशीन वही रखनी है।

आधार: आयोग के पत्र 9508, दिनांक 28.09.2026 और 5468, दिनांक 04.08.2026 · ECIL की MPSV अनुदेश पुस्तिका, पृ. 14, 47–50

✓ एक नज़र में: खराबी किस चरण में आई?

1. **रवानगी से पहले**
   जिस यूनिट में खराबी, वही बदलें: CU या वह BU [5468 A-4, A-6, A-9]
2. **मॉकपोल में**
   सिर्फ़ खराब यूनिट बदलें [B-6]; बीप न आए, Busy जलता रहे या Ready झपकता रहे तो पूरा सेट [B-5]
3. **मतदान के दौरान**
   कोई भी यूनिट खराब तो पूरा सेट, फिर नई मशीन पर मॉकपोल [C-1, C-3]; CLOCK ERROR में CU वही रहेगी [C-7]
4. **मतगणना में**
   खराबी से नतीजा न दिखे तो RO नतीजा रोककर अधिकृत इंजीनियर बुलाएँ [D-1]

1 -1 और -2: किस BU की बात है

कंट्रोल यूनिट (CU)

एरर का संदेश CU के डिस्प्ले पर आता है

- त्रुटि संदेश CU के डिस्प्ले पर दिखते हैं [पुस्तिका पृ. 14]
- बैटरी पैक और SDMM भी CU में ही लगते हैं [पृ. 10]



MPSV कंट्रोल यूनिट · फ़ोटो: ECIL पुस्तिका, पृ. 10

बैलट यूनिट (BU)

BU-1 ज़िला परिषद, BU-2 पंचायत समिति

- **BU-1** (ज़िला परिषद सदस्य) CU से जुड़ती है
- **BU-2** (पंचायत समिति सदस्य) BU-1 से जुड़ती है [5468 A-2]



MPSV बैलट यूनिट, केबल के साथ · फ़ोटो: ECIL पुस्तिका, पृ. 5

संदेश के आख़िर में -1 या -2 हो तो कौन-सी BU?

-1 — पहली BU (BU-1)
ज़िला परिषद सदस्य वाली · CU से जुड़ी
`LINK ERROR - 1` `PRESSED ERROR -1` [पुस्तिका पृ. 14]

-2 — दूसरी BU (BU-2)
पंचायत समिति सदस्य वाली · BU-1 से जुड़ी
`PRESSED ERROR -2` इसी हिसाब से; पत्र 5468 भी BU को 1 और 2 नंबर देता है [5468 A-2, A-9(ii)]

PRESSED ERROR -1 या -2 आए तो

1. वोटिंग कम्पार्टमेंट में **उसी BU** के सारे बटन एक बार धीरे से दबाएँ; जाम बटन अपनी जगह लौट आएगा [पुस्तिका पृ. 48, पंक्ति 6]
2. अब BALLOT दबाएँ; मतदान सामान्य चलता रहेगा [पृ. 48]
3. फिर भी ठीक न हो तो मॉकपोल में **वही BU बदलें** [5468 B-6], मतदान में **पूरा सेट** [C-1]

पुस्तिका: “उस बैलट यूनिट पर सुधार करें जिसकी स्थिति डिस्प्ले पैनल पर इंगित की गई है।” [पृ. 48, पंक्ति 6]

मदद किससे लें

CU के डिस्प्ले में कोई भी दिक्कत आए तो SDO के अधिकृत इंजीनियर के लिए ज़ोनल मजिस्ट्रेट से संपर्क करें। [5468, भाग B और C का नोट] रवानगी से पहले की कोई भी शंका वितरण स्थल पर ही DEO के अधिकृत अधिकारियों से दूर कर लें। [5468, भाग A का नोट]

पुस्तिका की मनाही

CU चालू हो तो BU को CU से न जोड़ें, न अलग करें। CU चालू हो तो SDMM न डालें, न निकालें। CU या BU (पूरी यूनिट) को खोलने की कोशिश न करें, वह निष्क्रिय हो जाएगी; खानों के ढक्कन भी बल लगाकर न खोलें। [पुस्तिका पृ. 50, “क्या नहीं करें” 10, 11, 5, 4]

2 कौन-सा संदेश, किस चरण में क्या करें

हर खाने में आयोग का निर्देश और बिंदु (5468 = पत्र दिनांक 04.08.2026; 9508 = पत्र दिनांक 28.09.2026)। हरे डिब्बे में संदेश टाइप करके दिखाया है, मशीन की फ़ोटो नहीं।

CU बदलें · वही BU बदलें · पूरा सेट (CU+BU) बदलें · CU न बदलें · इंजीनियर · – = आख़िरी पंक्ति का सामान्य नियम देखें

डिस्प्ले या लक्षण	रवानगी से पहले	मॉकपोल	मतदान के दौरान	मतगणना
`LINK ERROR` या `BU NOT RESPONDING`	केबल निकालकर फिर लगाएँ, BU का क्रम ठीक करें; फिर भी आए तो **वही BU बदलें** [5468 A-9(ii)]	वही तरीका; फिर भी आए तो **वही BU बदलें** [5468 B-3]	वही तरीका; फिर भी आए तो **पूरा सेट** [5468 C-2]	–
`CLOCK ERROR`	**CU बदलें** [5468 A-9(iii)] CU कम हों तो पहले पुष्टि (पेज 4)	**CU बदलें** [5468 B-2] CU कम हों तो पहले पुष्टि (पेज 4)	CLOCK ERROR आए या समय मेल न खाए: **CU न बदलें** उसी CU से मतदान; प्रपत्र-1 पर पंचनामा (पेज 5) [5468 C-7]	–
`PRESSED ERROR -1` `PRESSED ERROR -2`	–	उस BU (-1 या -2) के सारे बटन एक बार धीरे से दबाएँ [पुस्तिका पृ. 48]; फिर भी खराब तो **वही BU बदलें** [5468 B-6]	वही तरीका; फिर भी खराब तो **पूरा सेट** [5468 C-1]	–
`INVALID`	–	CLOSE-RESULT-CLEAR (CRC) पूरा करें, BU और CU जुड़े रहें, फिर मॉकपोल; फिर भी आए तो **CU बदलें** [5468 B-4]	पुस्तिका: बटन सही क्रम में दबाएँ (पेज 3, पंक्ति 3) [पुस्तिका पृ. 47–48]	–
`INOPERATIVE`	**CU बदलें** [9508 भाग A का नोट]	CRC पूरा करें, फिर मॉकपोल; फिर भी आए तो **CU बदलें** [5468 B-4]	–	–
`ERROR-3`	**CU बदलें** [9508 भाग A का नोट]	**CU बदलें** [9508 B-1(iii)]	**पूरा सेट** खराब मशीन भी, बदली में मिली मशीन के साथ जमा कराएँ [9508 C(ii)]	**इंजीनियर** अधिकृत इंजीनियर बुलाकर मतगणना पूरी कराएँ [9508 D(ii)]
`TRNG not connected`	**CU बदलें** [9508 भाग A का नोट]	–	–	–
`SDMM NOT RESPONDING`	**CU बदलें** [5468 A-9(vi)]	–	–	–
बैटरी HIGH न दिखे	**CU बदलें** [5468 A-9(iv)]	–	–	बैटरी LOW हो सकती है: DEO मतगणना स्थल पर नई बैटरियाँ रखें [5468 D-2]
बीप न आए, Busy लैंप जलता रहे या हरा Ready लैंप झपकता रहे	–	**पूरा सेट** [5468 B-5]	**पूरा सेट** [5468 C-5]	–
सामान्य नियम: कोई भी यूनिट खराब	गुलाबी कागज़ी सील टूटी हो तो वही यूनिट [A-4] स्लाइड स्विच गलत हो तो BU [A-6]	सिर्फ़ वही खराब यूनिट बदलें [5468 B-6]	**पूरा सेट** फिर नई मशीन पर मॉकपोल [5468 C-1, C-3]	नतीजा न दिखे: RO नतीजा रोककर **इंजीनियर** बुलाएँ; वह भी न निकाल पाए तो RO, DEO के ज़रिये आयोग को बताएँ [5468 D-1]

पत्र 9508 ने क्या जोड़ा

सभी BU पर END बटन ढका (मास्क), पुराने A-8 की जगह; ERROR-3 के निर्देश चारों चरणों के लिए; रवानगी पर INOPERATIVE या TRNG not connected में CU बदलें। [9508 भाग A–D]

मतगणना में अंडर वोट

अंडर वोट शून्य के अलावा कुछ भी आए तो उसे अंतिम परिणाम पत्रक में अस्वीकृत (rejected) वोटों में जोड़ें। [9508 D(iii)]

3 पुस्तिका पृ. 14: डिस्प्ले के संदेश और उनके अर्थ

`LINK ERROR - 1`
पहली BU की 'Link Error': केबल नहीं है या टूटी है; एक ही BU हो और उसका स्लाइड स्विच '1' पर न हो; या एक से ज़्यादा BU सही क्रम में न जुड़ी हों।

`PRESSED ERROR -1`
बैलट यूनिट-1 में किसी उम्मीदवार का बटन, बैलट देने से पहले से ही दबा हुआ या जाम है। **PRESSED ERROR -2** आए तो यही बात दूसरी BU (पंचायत समिति) की (पेज 1)।

`B U -1 ERROR`
बैलट यूनिट प्रथम उपयोग के लिए सही नहीं है।

`CLOCK ERROR`
रियल टाइम क्लॉक (RTC) की विफलता। वोटों की रिकॉर्डिंग पर असर नहीं; समय के डिस्प्ले को छोड़कर बाकी सब काम सामान्य।

`ERROR`
कंट्रोल यूनिट उपयोग के लिए सही नहीं है।

`C U ERROR`
नियंत्रण इकाई उपयोग के लिए सही नहीं है।

4 पुस्तिका पृ. 47–49: त्रुटि-तालिका, पहले आयोग का निर्देश

#	क्या दिखे	कारण (पुस्तिका)	क्या करें
1	स्विच ऑन पर ON लैंप न जले	बैटरी पैक ठीक से नहीं लगा या वोल्टेज कम	**आयोग:** रवानगी पर बैटरी HIGH न दिखे तो CU बदलें [5468 A-9(iv)] **पुस्तिका:** बैटरी पैक ठीक से लगाएँ या नया बैटरी पैक लगाएँ।
2	स्विच ऑन पर बीप न आए, कुछ न दिखे	CU दोषपूर्ण, उपयोग के लायक नहीं	**आयोग:** मॉकपोल या मतदान के दौरान CU में बीप न आए तो पूरा सेट बदलें [5468 B-5, C-5] **पुस्तिका:** दूसरी CU काम में लें और ECIL को रिपोर्ट करें।
3	`INVALID OPERATION` और छोटी, रुक-रुककर बीप	बटन सही क्रम में नहीं दबाया	**आयोग (मॉकपोल):** 'INVALID' आए तो CRC पूरा करें; फिर भी आए तो CU बदलें [5468 B-4] **पुस्तिका:** सही क्रम में दबाएँ: Cand. Set से पहले पिछला डेटा क्लियर; CLEAR से पहले RESULT-I से नतीजा देखें; BALLOT तभी जब पिछला नतीजा देखकर डेटा क्लियर हो चुका हो; RESULT-I से पहले CLOSE।
4	CU पर TOTAL बटन का कोई जवाब नहीं	Busy लैंप जल रहा है	**आयोग:** Busy लैंप लगातार जलता रहे (वोट दर्ज होने पर भी न बुझे) तो मॉकपोल और मतदान, दोनों में पूरा सेट बदलें [5468 B-5, C-5] **पुस्तिका:** मतदाता को वोट दर्ज करने दें; वोट दर्ज होते ही Busy लैंप बुझ जाता है।
5	BALLOT दबाने पर Busy न जले; `LINK ERROR-1` और छोटी बीप	केबल ठीक से नहीं लगी या स्लाइड स्विच गलत स्थिति में	**आयोग:** केबल निकालकर फिर लगाएँ, क्रम ठीक करें; फिर भी आए तो रवानगी और मॉकपोल में वही BU, मतदान में पूरा सेट बदलें [5468 A-9(ii), B-3, C-2]; रवानगी पर स्लाइड स्विच गलत हो तो BU बदलें [A-6] **पुस्तिका:** केबल ठीक से लगाएँ या स्लाइड स्विच ठीक करें; सुधार उसी BU में जो डिस्प्ले बताए।
6	BALLOT दबाने पर Busy न जले; `PRESSED ERROR` और छोटी बीप	BALLOT से पहले किसी BU का बटन दबा या जाम रह गया	**आयोग:** बटन ठीक करने पर भी BU खराब रहे तो मॉकपोल में सिर्फ़ वही BU बदलें [5468 B-6], मतदान में पूरा सेट [C-1] **पुस्तिका:** वोटिंग कम्पार्टमेंट में जाकर सारे बटन एक बार धीरे से दबाएँ; जाम बटन अपनी जगह लौट आएगा; फिर BALLOT दबाकर मतदान जारी। सुधार उसी BU में जो डिस्प्ले बताए।
7	`INOPERATIVE`	EVM कार्य योग्य नहीं	**आयोग:** रवानगी पर CU बदलें [9508 भाग A का नोट]; मॉकपोल में CRC पूरा करें, फिर भी आए तो CU बदलें [5468 B-4] **पुस्तिका:** EVM अक्षम है; संबंधित अधिकारियों / राज्य निर्वाचन आयोग या ECIL को सूचना दें।
8	पावर ऑन पर `SECUIRTY NOT CONURED` (पुस्तिका में ऐसे ही छपा)	EVM को तैयार करना होगा	**पुस्तिका:** CU अक्षम है; संबंधित अधिकारियों / राज्य निर्वाचन आयोग या ECIL को सूचना दें।
9	पावर ऑन पर `BUX NOT CONFIGURED`	EVM को तैयार करना होगा	**पुस्तिका:** BU निष्क्रिय है; संबंधित अधिकारियों / राज्य निर्वाचन आयोग या ECIL को सूचना दें।
10	BU का READY लैंप लगातार झपके	BU निष्क्रिय	**आयोग:** हरा Ready लैंप लगातार झपके तो मॉकपोल और मतदान, दोनों में पूरा सेट बदलें [5468 B-5, C-5] **पुस्तिका:** संबंधित अधिकारियों / राज्य निर्वाचन आयोग या ECIL को सूचना दें।
11	`SDMM NOT RESPONDING`	SDMM ढीली है या लगी ही नहीं	**आयोग:** रवानगी पर CU बदलें [5468 A-9(vi)] **पुस्तिका:** CU बंद करें, SDMM ठीक से लगाएँ (न हो तो लगाएँ), फिर CU चालू करें।
12	`CLOCK ERROR` पावर ऑन, TOTAL या RESULT-I पर	RTC में कोई कमी	**आयोग:** रवानगी और मॉकपोल में CU बदलें [5468 A-9(iii), B-2] (CU कम हों तो पहले पुष्टि, पेज 4); मतदान के दौरान CU न बदलें, उसी से मतदान, प्रपत्र-1 पर पंचनामा [C-7] **पुस्तिका:** मतदान शुरू होने से पहले दिखे तो CU बदलें और ECIL को रिपोर्ट करें; मतदान के दौरान दिखे तो मतदान जारी रह सकता है, कामकाज या मतदान डेटा पर असर नहीं।
13	BALLOT दबाने पर Busy पहले से जला; `PREV-BALLOT INCOMPLETE`	पिछला वोट अधूरा है	**आयोग:** CU का बटन दबाने पर वह प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही अगला बटन दबाएँ [5468 C-6] **पुस्तिका:** मतदान अधिकारी (PO) पिछला बैलट पूरा होना सुनिश्चित करें।

5 रवानगी से पहले: सामग्री वितरण पर जाँच

1. CU और BU के क्रमांक, बूथ को आवंटित EVM के क्रमांक से मिलाएँ। [5468 A-1]
2. BU-1 (ज़िला परिषद) CU से, BU-2 (पंचायत समिति) BU-1 से जुड़ेगी। [A-2]
3. सारे टैग जाँचें। [A-3]
4. किसी यूनिट की गुलाबी कागज़ी सील टूटी हो तो **वही यूनिट बदलें** [A-4]
5. Close बटन की प्लास्टिक कैप ठीक से लगी हो। [A-5]
6. BU का स्लाइड स्विच गलत हो तो **BU बदलें** [A-6]
7. उम्मीदवारों और नोटा के बटन खुले, बाकी बटन ढके (मास्क) हों। [A-7]
8. सभी BU पर END बटन ढका (मास्क) हो। [9508 A-8, पुराने A-8 की जगह]
9. CU चालू करके देखें: [5468 A-9]
   - तारीख और समय मिलाएँ
   - LINK ERROR/BU NOT RESPONDING: केबल निकालकर फिर लगाएँ, क्रम ठीक करें; फिर भी 'LINK ERROR/BU # 1/2 NOT RESPONDING' आए तो उसी BU को बदलें
   - CLOCK ERROR आए तो CU बदलें **(पहले पुष्टि: नीचे का नोट)**
   - बैटरी HIGH दिखे; न दिखे तो CU बदलें
   - CU पर उम्मीदवारों की संख्या, BU के मतपत्र पर छपे उम्मीदवारों के बराबर हो
   - SDMM NOT RESPONDING आए तो CU बदलें
   - इसके बाद CU बंद कर दें
10. INOPERATIVE, TRNG not connected या ERROR-3 दिखे तो **CU बदलें** [9508 भाग A का नोट]

> कोई भी शंका हो तो रवानगी से पहले, वितरण स्थल पर ही DEO के अधिकृत अधिकारियों से दूर कर लें। [5468, भाग A का नोट]



BU का ऊपरी हिस्सा खुला: यहीं स्लाइड स्विच और बटनों की मास्किंग · फ़ोटो: ECIL पुस्तिका, पृ. 7



CU का पिछला हिस्सा: BU की केबल यहीं लगती है · फ़ोटो: ECIL पुस्तिका, पृ. 12

6 मॉकपोल में

1. BU और CU जोड़कर CU चालू करें। [5468 B-1]
2. CLOCK ERROR आए तो **CU बदलें** [B-2] **(पहले पुष्टि: नीचे का नोट)**
3. LINK ERROR/BU NOT RESPONDING: केबल निकालकर फिर लगाएँ, क्रम ठीक करें; फिर भी आए तो **वही BU बदलें** [B-3]
4. INVALID या INOPERATIVE: CLOSE-RESULT-CLEAR (CRC) पूरा करें, फिर मॉकपोल करें; CRC के समय BU और CU जुड़े रहें। फिर भी आए तो **CU बदलें** [B-4]
5. ERROR-3 आए तो **CU बदलें** [9508 B-1(iii)]
6. बीप न आए, Busy लैंप जलता रहे या हरा Ready लैंप लगातार झपके तो **पूरा सेट बदलें** [5468 B-5]
7. बाकी किसी खराबी में सिर्फ़ **वही यूनिट बदलें** [B-6]
8. मॉकपोल के बाद CLEAR दबाएँ; CU बंद करके ही सील लगाएँ। [B-7, B-8]



CU का रिज़ल्ट सेक्शन, CLEAR बटन के साथ · फ़ोटो: ECIL पुस्तिका, पृ. 11

> **CRC का क्रम:** CLOSE, फिर RESULT, फिर CLEAR। [5468 B-4]

CLOCK ERROR पर CU बदलने से पहले पुष्टि कर लें

पत्र 5468 के अनुसार रवानगी पर [A-9(iii)] और मॉकपोल में [B-2] CLOCK ERROR आए तो CU बदलनी है। MPSV की CU सीमित हैं, इसलिए DEO यह व्यवस्था भी कर सकते हैं कि सिर्फ़ CLOCK ERROR पर CU न बदली जाए। ऐसे में CU बदलने या वही रखने से पहले पुष्टि कर लें: रवानगी पर वितरण स्थल के अधिकृत अधिकारियों से, मॉकपोल में ज़ोनल मजिस्ट्रेट के ज़रिये RO या DEO से।

7 मतदान के दौरान

1. कोई भी यूनिट खराब हो तो **पूरा सेट (CU+BU) बदलें** [5468 C-1]
2. LINK ERROR: केबल निकालकर फिर लगाएँ, क्रम ठीक करें; फिर भी आए तो **पूरा सेट** [C-2]
3. मशीन बदली तो नई मशीन पर फिर से मॉकपोल। [C-3]
4. Close बटन की कैप लगी रहे। [C-4]
5. बीप न आए, Busy जलता रहे या Ready झपकता रहे तो **पूरा सेट** [C-5]
6. CU का अगला बटन तभी दबाएँ जब पिछली प्रक्रिया पूरी हो जाए। [C-6]
7. ERROR-3 आए तो **पूरा सेट**; खराब मशीन भी, बदली में मिली मशीन के साथ जमा कराएँ। [9508 C(ii)]

CLOCK ERROR या समय मेल न खाए: CU न बदलें, पंचनामा भरें

मतदान के दौरान ऐसा हो तो उसी CU से मतदान चलता रहेगा। [5468 C-7]

1. मतदान अधिकारी (PO) प्रपत्र-1 पर पंचनामा बनाएँ।
2. कॉलम 3 में क्लॉक एरर या CU में दिखा समय लिखें।
3. पंचनामे पर मतदान अभिकर्ताओं के हस्ताक्षर लें।
4. चुनाव के बाद पंचनामा PO डायरी के साथ लगाएँ।

क्लॉक एरर संबंधी पंचनामा — प्रपत्र–1

मतदान केन्द्र क्रमांक / मतदान केन्द्र का नाम

नगरीय निकाय का नाम / पंचायत समिति सदस्य का निर्वाचन क्षेत्र संख्या / जिला परिषद सदस्य का निर्वाचन क्षेत्र संख्या

कंट्रोल यूनिट का आईडी क्रमांक

गतिविधि (1)	वास्तविक समय (2)	कंट्रोल यूनिट में प्रदर्शित समय / क्लॉक एरर (3)
मॉकपॉल		
मतदान प्रारंभ करने के समय		
मतदान समाप्त करने के समय		

“इस तथ्य की पुष्टि की जाती है कि घड़ी (Clock) में प्रदर्शित समय से निर्वाचन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।”

हस्ताक्षर, पीठासीन अधिकारी

क्र.स	मतदान अभिकर्ता का नाम	संबंधित पार्टी का नाम	हस्ताक्षर
1			
2–4			

पत्र 5468 के साथ लगे प्रपत्र-1 का ढाँचा, छोटा करके; प्रमाण वाला अनुच्छेद और कुछ खाली पंक्तियाँ यहाँ छोड़ी हैं

8 मतगणना में

1. खराबी से नतीजा न दिखे तो RO नतीजा स्थगित करें और अधिकृत **इंजीनियर** बुलाएँ। इंजीनियर भी नतीजा न निकाल पाए तो RO, DEO के ज़रिये आयोग को सूचना दें; आगे की कार्यवाही आयोग के निर्देश से। [5468 D-1]
2. मतगणना में बैटरी LOW हो सकती है, इसलिए DEO मतगणना स्थल पर नई बैटरियाँ अतिरिक्त रखें। [D-2]
3. ERROR-3 आए तो अधिकृत **इंजीनियर** बुलाकर मतगणना पूरी कराएँ। [9508 D(ii)]
4. अंडर वोट शून्य के अलावा कुछ भी आए तो अंतिम परिणाम पत्रक में अस्वीकृत वोटों में जोड़ें। [9508 D(iii)]

स्रोत [ ] वाले पत्र-नंबर और पेज छूने पर पत्र ठीक उसी पेज पर खुलता है (आयोग वाली ही फ़ाइल, MockPoll पर); नीचे के नाम आयोग की वेबसाइट पर खुलते हैं

- राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान का पत्र क्रमांक एफ.7(1)(1)/पंचा/रानिआ/2024/9508, दिनांक 28.09.2026 (M3A, MPSV और MPMV ईवीएम; भाग A–D)।
- आयोग का पत्र क्रमांक एफ.7(1)(1)/पंचा/रानिआ/2024/5468, दिनांक 04.08.2026 (M3A, MK-5 और MPSV ईवीएम; भाग A–D और प्रपत्र-1)।
- ECIL की MPSV ईवीएम अनुदेश पुस्तिका (आयोग की वेबसाइट से): पृ. 14 त्रुटि संदेश; पृ. 47–49 “त्रुटि संदेश एवं उनका समाधान”; पृ. 49–50 क्या करें, क्या नहीं करें। सारी फ़ोटो इसी पुस्तिका के पृ. 5, 7, 10, 11 और 12 से।
- आयोग की वेबसाइट की सूचना-सूची और मुख्य पेज 02.11.2026 को देखे: EVM की खराबी पर पत्र 9508 के बाद का कोई पत्र नहीं मिला।